## » न्यूज कैप्सूल »

### भाकियू की बैठक में खाद समस्या पर हुई चर्चा

**बांदा।** भाकियू की मासिक बैठक सदर तहसील में आयोजित की गई, जिसमें किसानों की समस्याओं पर चर्चा करने के बाद 9 सूत्रीय समस्याओं का ज्ञापन आयोजित समाधान दिवस में दी गई। भाकियू के ब्लाक अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव ने सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस प्रभारी को दिए गए मांग पत्र में कहा है कि कृषि उत्पादन मंडी स्थित नीलामी चबूतरों में किसानों के अनाज की खरीद की जाए। सभी सहकारी समितियों में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। भीषण गर्मी को देखते हुए विद्युत कटौती पर लगाम लगाई जाए, साथ ही आरोप लगाया कि गौशालाओं में संरक्षित गौवंशों को खुले में छोड़ दिया गया है जो भूख, प्यास से बेहाल भटक रहे हैं, उनके लिए पानी की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। गौशालाओं में पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। भाकियू नेता ने कई अन्य समस्याओं की ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया और निराकरण की मांग की। ज्ञापन देने में ब्लाक अध्यक्ष के साथ रामदास साहू, प्राची सिंह, सुरेश कुमार, श्रीराम यादव, कमला देवी, अनीता सोनी, मिथलेश वर्मा, माया सोनी, बाबादीन आदि मौजूद रहे।

### अभियुक्तों के खिलाफ की जाए सख्त कार्रवाई

**बांदा।** कस्बा अतर्रा में रह रही महिला ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में मांग की है कि उसकी नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने वाले अभियुकतों को गिरफ्तार किया जाए और उसकी विवेचना किसी सक्षम अधिकारी से कराई जाए। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बावजूद भी पुलिस द्वारा अभियुक्तों को पकड़ने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया है। इसे भी संज्ञान में लेकर कार्रवाई की जाए।

### तुर्रा नाला पुल से ओवरलोड वाहनों की आवाजाही पर लगाए रोक

**बांदा।** करणी सेना ने पैलानी तहसील अंतर्गत ग्राम सिंधनकला के तुर्रा नाला से ओवरलोड वाहनों की हो रही निकासी पर तत्काल रोक लगाई जाए, ताकि कोई अनहोनी घटना न हो पाए। करणी सेना के जिलाध्यक्ष मोहन प्रताप सिंह हांडा व ग्राम सिंधनकला के अनेक ग्रामीणों के साथ जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि तुर्रा नाला पुल से दर्जन भर गांवों के लोगों का आना जाना रहता है, लेकिन सिंधनकला खादर के पट्टाधारक द्वारा तुर्रा नाला पुल से ओवरलोड वाहनों को निकाला जा रहा है, जिससे पुल क्षतिग्रस्त होने के साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है, जिस पर अविलंब रोक लगाई जाए।

### हमलावरों के खिलाफ की जाए कार्रवाई

**बांदा।** बबेरू ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मिया बरौली निवासी उमादेवी पत्नी बच्छराज ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसके साथ मारपीट करने वाले अभियुक्तों के खिलाफ उपयुक्त रिपोर्ट दर्ज न कर एनसीआर में दर्ज की गई है और थाना पुलिस द्वारा आरोपियों से सुलह करने के लिए दबाव डाला जा रहा है। पीड़िता ने बताया कि गांव के ही दबंगों ने उस पर जानलेवा हमला किया था, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी, लेकिन पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार न कर राजीनामा करने का दबाव डाल रही है।

### प्रिंट रेट से अधिक दाम में शराब देने का विरोध करने पर सेल्समैन ने ग्राहक को पीटा

**महोबा।** जनपद में आबकारी विभाग की उदासीनता का परिणाम यह है कि शराब की दुकानों में प्रिंट रेट से अधिक दामों में शराब धड़ल्ले से बेची जा रही है और विभाग मौन साधना धारण किए हुए है। कबरई थाना क्षेत्र अंतर्गत कंपॉजिट दुकान नंबर 2 का मामला है। फूलचंद्र पुत्र कल्लू अहिरवार निवासी आजाद नगर कबरई ने थाना प्रभारी कबरई को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें बताया गया है कि 7 जून 2025 को रात्रि करीब 9 बजे उसका भाई अनिल पुत्र कल्लू अहिरवार कंपॉजिट दुकान नम्बर-2 बाँदा तिराहा में एक क्वार्टर शराब लेने गया था जहाँ सेल्समेन अंकित खटीक पुत्र लल्ला खटीक निवासी विशाल नगर कबरई उससे प्रिंट रेट से 20 रुपये अधिक यानि 180 कि जगह 200 रुपये मांगने लगा द्य भाई अनिल के विरोध करने पर सेल्समेन अंकित ने अज्ञात सहयोगी सेल्समेन के साथ मिलकर बुरी बुरी गलियां देते हुए बुरी तरह लात जूतों से मारा पीटा तथा जोर का धक्का देकर गिरा दिया जिससे अनिल के पैर में गंभीर छोट आयी है। साथ ही कही शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने अपना प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कबरई में करवाया है। पीड़ित ने कबरई पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। अब देखते है कि आबकारी विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है क्योंकि मारपीट के साथ ही प्रिंट रेट से अधिक की बिक्री का मामला भी है।

### घर में लगी आग, सामान जलकर खाक

**बांदा।** खाना बनाने के बाद राख से निकली चिंगारी से लगी आग में घर के साथ-साथर समूची गृहस्थी का सामान जलकर स्वाहा हो गया। पुलिस व दमकल पहुंचती, उससे पहले ही गांव वालों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। हल्का लेखपाल ने हुए नुकसान का आकलन करने के बाद अपनी जांच आख्या तहसीलदार अतर्रा को दी है।

# वित्त विधेयक के माध्यम से किए गए संशोधनों से केंद्र सहित राज्य सरकारों के पेंशनरों में आक्रोश



**महोबा।** केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमों में वित्त विधेयक के माध्यम से किए गए संशोधनों से केंद्र सरकार सहित राज्य सरकारों के पेंशनरों में आक्रोश एवं अनिश्चितता को जन्म दिया है। वित्त विधेयक के माध्यम से हाल ही में किए गए संशोधन पेंशनभोगियों को नए वेतन आयोग के लाभों से वंचित करने की सरकार की व्यवस्था से पेंशन आहत एवं परेशान पेंशनरों ने 10 जून से पूरे प्रदेश में घर-घर चलो कार्यक्रम का शुभारम्भ करेंगे। उक्त निर्णय पंडित दीनदयाल उपाध्याय पेंशन भवन में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर सेवा संस्थान के सुनील शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर सेवा संस्थान के महामंत्री बीके तिवारी ने बताया कि सरकार के नवीन संशोधनों से न केवल केंद्र सरकार के पेंशनर प्रभावित होंगे बल्कि राज्य सरकार के लाखों बुजुर्ग पेंशनभोगियों को आर्थिक संकट से गुजरना पड़ेगा। यहां तक कि 2025 के पहले सेवानिवृत्त कर्मचारियों पर आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें से लागू न होने पर उन्हें डी.आर. बड़ा हुआ महंगाई भत्ता भी नहीं मिलेगा। उपाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद तिवारी ने कहा की मुद्रास्फीति के बढ़ने और जीवन यापन की लागत के असहनीय होने के साथ यह कदम सामाजिक सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और दशकों से देश सेवा करने वालों के प्रति उसकी जिम्मेदारियों के बारे में सरकार का कदम परेशान करने वाला है। एक सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी मान लीजिए कभी 14800 वेतन ग्रेड-पे पर काम करता था। उसे नए नियमों के संशोधन में जीवन भर इस पेंशन पर गुजारा करना होगा जबकि वर्तमान में कई वेतन आयोग के संशोधनों का लाभ पा रहा है। कालका प्रसाद गुप्ता एवं महेन्द गुप्ता ने यह भी कहा कि यह नीतिगत फैसला पाकिस्तान के हाल ही के पेंशन सुधारों से मिलता जुलता है जहां आर्थिक अस्थिरता के कारण सेवानिवृत्त लोगों को आधी पेंशन स्वीकार करने के लिए मजबूर होना पड़ा। वहीं आज भारत विश्व गुरु और उभरती वैश्विक शक्ति होने का दावा करता है। वहीं पेंशनरों के जीवित रहने का हक छीना जा रहा है जिसे पेंशनर सहन नहीं करेंगे। बैठक को अरविन्द खरे, अरुण खरे, बसंत लाल गुप्ता, जगदीश कुमार, ओपी सिंह, लघुचन्द्र नारायण अरजरिया, आरपी पुरवार सहित एक दर्जन पदाधिकारियों ने सरकार की नीतियों पर असंतोष व्यक्त किया। बैठक में 10 जून को हिंद टायर की गली में, 11 जून को पस्तोर वाली गली गांधीनगर में पेंशनर घर-घर जाकर सम्पर्क कर सरकार की पेंशन विरोधी नीतियों के बारे में पेंशनरों को अवगत करने का काम करेंगे।

## शिकायतों के निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो संबंधित पर होगी कार्यवाही: डीएम




**महोबा।** तहसील कुलपहाड़ में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इसमें जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशाराम द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया।इस मौके पर तहसील कुलपहाड़ से कुल 94 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 1 शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील चरखारी में उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में 20 में से 2 तथा सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश की अध्यक्षता में 39 में से 8 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए।शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। यह भी कहा कि अधिकारी आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है।अत: शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े।उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएँ तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं।

## सार्वजनिक स्थान पर हारजीत की बाजी लगा रहे 7 जुआरियों को पुलिस ने दबोचा





**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु जनपद में संचालित अवैध जुआ एवं सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ विनोद कुमार द्वारा संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया।उ0नि0 अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने टूडर ग्राम से पहले स्थित पहाडी बहद ग्राम टूडर से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे अभियुक्त कपिल राजपूत पुत्र पर्वत सिंह राजपूत उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम गुढ़ा थाना अजनर, नीरज अरजरिया पुत्र सुरेश चन्द्र अरजरिया उम्र करीब 32 वर्ष निवासीग्राम हसला थाना अजनर, देवेन्द्र सिंह राजपूत पुत्र बालादीन राजपूत उम्र करीब 33 वर्ष निवासी ग्राम बुडौरा थाना पनवाड़ी को पुलिस हिरासत में लिया गया जिनके कब्जे से मालफड़ 2600 रुपये व जामातलाशी 520 रूपये कुल 3120 रूपये व 52 ताशपत्ता बरामद हुए।

वहीं उ0नि0 फूलचन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बम्हौरी कुर्मिन व थलौरा जाने वाली सड़क तिराहे के पास कुंआ व बोर के पास बहद ग्राम बम्हौरी कुर्मिन से हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे अभियुक्त विसन्द राजपूत पुत्र मईयादीन उम्र करीब 35 वर्ष, ग्यासी राजपूत पुत्र भागीरथ उम्र करीब 40 वर्ष, कमलापति राजपूत पुत्र पारीक्षत उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम दादरी थाना महोबकंठ,जगदीश कुशवाहा पुत्र हरदास उम्र करीब 37 वर्ष निवासी घटेरा थाना महोबाकंठ को पुलिस हिरासत में लिया गया जिनके कब्जे से मालफड़ 2500 रुपये व जामातलाशी 500 रूपये कुल 3000 रूपये व 52 ताशपत्ता बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना महोबकंठ में धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

## किराना दुकान में लगी आग से करीब ढाई लाख का माल स्वाहा



**महोबा।** चरखारी कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत मिटलेनगंज दादी खुडा में रामपाल सिंह पुत्र रामनारायण राजपूत किराना स्टोर की दुकान चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था द्य सोमवार की सुबह जब उसने दुकान खोली तो दुकान में आग लगी थी द्य आग लगने से दस हजार की नगदी समेत करीब ढाई लाख की क्षति हुई है द्य जानकारी देते हुए दुकान स्वामी ने बताया कि दुकान में रखा फीजर तथा परचून का सामग्री, कोलडिंक जलकर खाक हो गये है द्य आग लगने की सूचना 112 नम्बर तथा लेखपाल भूपेंद्र सिंह को दी द्य लेखपाल ने मौके पर पहुँच कर मौके में जाँच करके रिर्पोट अधिकारी को प्रस्तुत की है।

## डूड़ा कार्यालय के जिम्मेदारों की मनमानी से नाराज भाजपा के युवा नेता ने उठाई आवाज





**महोबा।** डूड़ा कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही से आमजन की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। इस मुद्दे पर भाजपा के युवा नेता नरेंद्र मिश्रा ने आम जनता की समस्याओं को लेकर अपर जिलाधिकारी से मुलाकात की और उन्हें हालात से अवगत कराया।

शनिवार को कलेक्ट्रेट में अचानक पहुंचे नरेंद्र मिश्रा ने देखा कि डूड़ा कार्यालय में अधिकांश कुर्सियां खाली थीं। वहां केवल एक व्यक्ति बैठा था जो किसी भी कार्य में सक्षम नहीं था। दूसरी ओर, आवास चेक कराने के लिए खरेला एवं महोबा से आई कई महिलाएं और पुरुष कार्यालय के बाहर खड़े थे लेकिन कोई अधिकारी उनकी समस्याओं को सुनने को तैयार नहीं था।

युवा नेता नरेंद्र मिश्रा ने वहां खड़ी महिलाओं से बातचीत की, जहां उन्हें पता चला कि कोई भी अधिकारी आवास की स्थिति बताने के लिए उपलब्ध नहीं था। 45 डिग्री तापमान में ये महिलाएं अधिकारियों के चक्कर काट रही थीं लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही थी। इस पर नाराजगी जताते हुए भाजपा नेता ने संबंधित अधिकारियों से बात की और आखिरकार जिलाधिकारी को भेजने की व्यवस्था की जिसके बाद आवास की स्थिति की जांच करवाई गई। युवा नेता ने कहा कि यदि अधिकारियों की लापरवाही जारी रही तो जनहित की अनदेखी करने वाले अधिकारियों को जिले से बाहर का रास्ता दिखाने का काम किया जाएगा। जनता की समस्याओं को सुनना और समझना अधिकारियों की प्राथमिकता होनी चाहिए। इस मामले के प्रति लोगों द्वारा गहरी नाराजगी व्यक्त की गई है द्य उम्मीद जताई जा रही है कि अधिकारियों द्वारा ठोस कदम उठाए जाएंगे ताकि इस तरह की समस्याओं का सामना न करना पड़े।

## गर्मी का कहर लगातार जारी, अस्पतालों में मरीजों की संख्या में हुई बढ़ोतरी

**महोबा।** गर्मी का कहर लगातार जारी है ऐसे में लोग दोपहर में घर से बाहर जाने से पहले कई बार सोचते हैं द्य गॉव में इस समय लू यानि लपट यानि गरम हवा का चलना आम बात है द्य लू के शुरू होते ही इसका असर दिखाई देने लगा है द्य अस्पतालों में भारी संख्या में उल्टी-दस्त एवम पानी की कमी वाले मरीजों की बढ़ोतरी देखने को मिल रही है द्य मरीजों की संख्या को देखते हुए चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पवन राजपूत ने लू से बचाव के लिए कुछ आवश्यक सुझाव दिये हैं कि गमछा, साफी से सर को ढक कर रखें, दिन में कम से कम 3-4 लीटर पानी का उपयोग करें, पानी वाले फ़लो का ज्यादा उपयोग करें, पानी के साथ ग्लूकोज पाउडर का सेवन करें, खानपान में विशेष ध्यान रखें तला हुआ भोजन न करें, घरो में खाना बनाने में कम तेल एवं मिर्च-मसाला का उपयोग करें, बाहर के खाने का कम कम सेवन करें एवं घरेलू नुस्खे से आराम न मिलने पर नजदीकी चिकित्सक से परामर्श करें, बिना वजह घर से बाहर न निकले द्य वहीं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर रामगोपाल शंखवार के द्वारा बताया गया कि कम से कम 4 से 5 लीटर पानी का दिन में सेवन करें एवं बाइक पर बिना गमछा ओढ़े सफर न करें वही तले हुए भोजन का प्रयोग बिल्कुल ना करें जिससे सेहत पर कोई प्रभाव न पड़े एवं तेज धूप एवं लू से हमेशा बच्चे रहे वहीं अगर स्वस्थ में कोई परेशानी होती है।

### स्वामी त्यागानन्द को भक्तों ने दो मिनट का मौन रख अर्पित किए श्रद्धासुमन

**महोबा।** चंदेलों एवं ऋषि मुनियों तपस्वियों की भूमि रही है और तपस्वियों ने अपनी तपस्या के बल पर तमाम रहस्य कार्य किए हैं द्य उनमे से एक है स्वामी त्यागानन्द महाराज जो बालकांडेश्वर के नीचे एक आश्रम के संस्थापक थे जो बीते 5 जून को अपना शरीर त्याग कर पंचतत्व में विलीन हो गए हैं द्य आश्रम के सभी लोगों ने स्वामी त्यागानन्द का समाधि संस्कार कर दिया हैं द्य आश्रम संचालक विष्णुदेवानंद ने कहा कि महाराज हमेशा ही हमारे हृदय में विराजेंगे क्योंकि उन्होंने आश्रम को बनाने में एक अपनी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है आज वह हमारे बीच नहीं है लेकिन उनको हम अपने हृदय पटल पर आज भी जीवंत देखते हैं द्य भक्तों ने महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर पुन: आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

## संक्षिप्त समाचार

### आयुक्त ने मऊ तहसील दिवस में सुनी जनसमस्याएं, सीएचसी का भी किया औचक निरीक्षण




**चित्रकूट।** चित्रकूटधाम मंडल बाँदा के आयुक्त ने 9 जून को मऊ तहसील में तहसील दिवस कार्यक्रम में भाग लेकर जनसमस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। आम जनता की फरियादों पर विशेष संवेदनशीलता दिखाते हुए आयुक्त ने स्पष्ट किया कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

तहसील दिवस के उपरांत आयुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मऊ का औचक निरीक्षण भी किया, जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित संबंधित स्टाफ मौजूद रहा। निरीक्षण में स्वास्थ्य केंद्र की सफाई, पेयजल, दवा उपलब्धता, डॉक्टरों की उपस्थिति और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता को संतोषजनक पाया गया। हालांकि, आयुक्त ने और भी सुधार की संभावनाएं जताते हुए निर्देश दिए कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा मिले।

### गर्मी में बाहर सो रहे परिवार पर टूटा आग का कहर, जलकर खाक हुआ सबकुछ



**चित्रकूट।** विकासखंड कर्वी के कांठीपुर गांव निवासी रामकिशुन पुत्र रामप्यारे पर अग्निकांड ने उस समय कहर बरपाया जब वे गर्मी के कारण अपने घर के बाहर सो रहे थे। रामकिशुन ने बताया कि बीती रात करीब 12 बजे अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। जब तक परिवार को कुछ समझ में आता, तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया और घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया।

पीड़ित रामकिशुन के अनुसार, आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पास पड़ोस के लोग भी डर के मारे कुछ देर तक पास नहीं आ सके। हालांकि बाद में ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घर में रखा अनाज, बर्तन, कपड़े, बिस्तर और जरूरी कागजात सब जल गए। घटना की सूचना प्रशासन को दी गई है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई मदद नहीं पहुंची थी। गांव वालों ने प्रशासन से शीघ्र सहायता और मुआवजे की मांग की है।

### लापरवाही करने वाली आशाओं को चिन्हित कर करें कार्रवाई - डीएम

**बांदा।** स्वास्थ्य केंद्रों से संबद्ध जो आशाएं कार्य में लापरवाही बरत रहीं हैं उनको चिन्हित करते हुए सख्त कार्रवाई की जाए। इसके पूर्व उन्हें नोटिस दी जाए। आयुष्मान योजना के तहत जनपद के नए प्राइवेट अस्पतालों को चिन्हित कर योजना संचालित कराई जाए। जिलाधिकारी जे. रीभा ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जनपद के सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को यह निर्देश दिए। उन्होंने संपूर्ण टीकाकरण में विकासखंड कमासिन व बिसंडा में ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने टीकाकरण के लिए माइक्रो प्लान तैयार किए जाने के साथ ई-कवच पोर्टल में सूचनाओं दर्ज किए जाने के संबंध में निर्देशित किया। ई-कवच पोर्टल में नरैनी, बबेरू में विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश संबंधित प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को दिए। बड़ोखर खुर्द एवं जसपुरा में एक वर्ष से दो वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण के कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने आभा आईडी के कार्य में तेजी लाकर शीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश चिकित्सा अधिकारियों को दिए।

# किसान पंचायत में फूटा गुस्सा- न खाद मिली, न बीज, मंडी में कब्जा व भ्रष्टाचार

### मंडी बनी भ्रष्टाचार का गढ़
### सफाई ठेके में घोटाला
### अधिकारी हैं मौन, खेत हैं सूने



**चित्रकूट।** ब्लॉक कर्वी व पहाड़ी में भारतीय किसान यूनियन की किसान पंचायतों ने शासन-प्रशासन की नींद उड़ा दी है। सदर तहसील अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह की अगुवाई में किसान पंचायत में किसानों ने जमकर भड़ास निकाली और खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। शैलेंद्र सिंह ने कहा कि बेड़न का समय चल रहा है लेकिन समितियों में खाद उपलब्ध नहीं, बीज गोदाम खाली पड़े हैं। इससे किसानों की बुवाई विलंबित हो रही है और फसल का चक्र गड़बड़ा रहा है।

तहसील अध्यक्ष ने मंडी समिति में भ्रष्टाचार का बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि डीएम के निर्देश पर गठित जांच कमेटी की रिपोर्ट आने के बावजूद गल्ला मंडी परिसर में कब्जा हटाने की कार्रवाई नहीं हुई, क्योंकि मंडी समिति के कर्मचारी खुद कब्जेदारों से मिले हुए हैं। जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह ने मंडी की बदहाली को उजागर करते हुए बताया कि मंडी परिसर गंदगी से पटा है और सफाई के नाम पर हर बार एक ही व्यक्ति को टेंडर दिया जाता है। अप्रैल में सफाई टेंडर होना था, लेकिन जून आ गया, ठेका अब तक नहीं हुआ, ठेकेदार और सफाईकर्मी गायब हैं। ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत सिंह चौहान ने पहाड़ी ब्लॉक में किसानों की समस्याओं का ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि बारिश से पहले सभी गौशालाएं संचालित हों, ताकि छुट्टा जानवरों से फसल बच सके। बछरन, सागवारा, गनीवा, तेरह बुजुर्ग में हैंडपंप खराब हैं, लेकिन रिबोर नहीं कराया गया। किसान रामेश्वर सिंह ने कर्वी कोऑपरेटिव सचिव मनीराम यादव पर खाद न देने और अभद्रता करने का आरोप लगाया। किसानों की इस पंचायत में जिला महामंत्री अरुण कुमार पांडेय, युवा विंग अध्यक्ष अर्जुन सिंह, महामंत्री सिद्धार्थ सिंह, जयनारायण सिंह, विजय त्रिपाठी समेत सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

### फर्राटा पंखे से लगा करंट, शिव सागर की दर्दनाक मौत

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली क्षेत्र के अमानपुर गांव में रविवार रात एक दर्दनाक हादसे में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। बताया गया कि शिव सागर पुत्र राम भवन रात करीब 11 बजे अपने घर में सो रहा था। गर्मी से राहत पाने के लिए उसने फर्राटा पंखे को अपनी ओर घुमाने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान पंखे में करंट होने से वह चपेट में आ गया। परिजन दौड़कर मौके पर पहुंचे और गंभीर हालत में शिव सागर को आनन-फानन में जिला अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी की। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच में यह करंट लगने से हुई मौत का मामला प्रतीत हो रहा है।

# बस अड्डा हटाने के पीछे करोड़ों की कॉर्पोरेट प्लानिंग का बड़ा खेल

### जिले के धनकुबेरों की प्लानिंगड़
### चित्रकूट का प्रशासनिक षड्यंत्रड़

**चित्रकूट।** शहर के हृदयस्थल में स्थित वर्षों पुराना बस अड्डा अब इतिहास बन गया है, लेकिन जनता के मन में सवालों की गूंज और गुस्से की आग अब भी धधक रही है। प्रशासन ने बस अड्डे को अचानक बंद कर उसे बेड़ी पुलिया व रामायण मेला परिसर जैसे निर्जन और असुविधाजनक स्थान पर स्थानांतरित करने का निर्णय अब सिर्फ एक ट्रैफिक मैनेजमेंट का मामला नहीं रह गया। यह मामला अब जनसुविधा से जनविरोध की ओर जाता दिख रहा है- और इसके पीछे जो आर्थिक चक्रव्यूह उभरकर आ रहा है, वह सीधे-सीधे धनकुबेरों, छुटभैये नेताओं और प्रशासनिक गठजोड़ की मिलीभगत का संकेत देता है।

सूत्रों की मानें तो जिस जमीन पर पुराना बस अड्डा स्थित था, वह व्यावसायिक दृष्टि से अत्यंत मूल्यवान है। वहाँ यदि कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, मॉल्स या पॉश दुकानें बनाई जाती हैं, तो उनकी कीमतें करोड़ों में जाएंगी। कहा जा रहा है कि कुछ रसूखदार नेता और व्यापारिक लॉबी पहले से ही इस भूखंड पर नजर गड़ाए हुए थे। क्या इसी की पृष्ठभूमि में यातायात जाम का बहाना गड़कर बस अड्डे को हटाने का रास्ता तैयार किया गयाड़ बस अड्डा स्थानांतरित होने की सालों पहले अफवाह से ही नए स्थान के आसपास की कृषि भूमि के दाम रॉकेट की तरह आसमान छूने लगे। दिलचस्प है कि इस इलाके में पहले से ही कई प्रभावशाली चेहरों ने खेत-जमीन खरीद रखी थी। अब जब वहां बस अड्डा आ चुका है, तो वही जमीन करोड़ों की हो चुकी है। क्या यह सिर्फ संयोग हैड़ या फिर पहले से ही पटकथा तैयार थी और प्रशासन सिर्फ एक कार्यकारी एजेंसी बनकर रह गया।

शहर के मध्य से बस अड्डा हटाने का सबसे सीधा प्रभाव आम नागरिकों पर पड़ा है। महिलाएं, छात्र, बुजुर्ग, मजदूर और मरीज- अब उन्हें शहर से 5-7 किलोमीटर दूर बस पकड़ने जाना होगा। रात में इलाका सुनसान होता है, और परिवहन के साधन नाममात्र के हैं। इसलिए जनहित में अस्थाई बस स्टैंड का होना अत्यंत आवश्यक है। लेकिन वहीं दूसरी ओर, कुछ नामी होटल मालिक और प्रॉपर्टी डेवलपर पहले ही नए स्थान के आसपास निर्माण कार्य शुरू कर चुके हैं। सवाल है- क्या प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं थीड़ या फिर सब कुछ पहले से तय थाड़ जिले के कुछ स्थानीय नेताओं पर यह भी आरोप लग रहे हैं कि उन्होंने प्रशासनिक अफसरों को लॉजिक और लॉबिंग से प्रभावित कर यह योजना पारित करवाई। दावा है कि ये नेता ही इस क्षेत्र में भूमाफिया के माध्यम से जमीन खरीदकर अब उसे कई गुना कीमत पर बेचने या विकसित करने में लगे हैं। ये वही चेहरे हैं जो आने वाले दिनों में विकास की झूठी तस्वीरों के साथ जनता के सामने वोट माँगने आएंगे।

# पीडीए की लहर, सपा का ऐलान- पंचायत से विधानसभा तक अब सत्ता की तैयारी

### सपा कार्यालय में गरजी राजनीतिक हुंकार
### सपा की हुंकार ने बड़ाया सियासी तापमान



**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी ने सोमवार को कर्वी बस स्टैंड के कार्यालय में मासिक बैठक के बहाने बड़ा राजनीतिक संदेश दे दिया। जिलाध्यक्ष शिव शंकर सिंह यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) चर्चा कार्यक्रम की जोरदार समीक्षा हुई, और निष्क्रिय पदाधिकारियों को साफ चेतावनी भी दी गई। बैठक का संचालन लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अमर पटेल ने किया।

जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव ने अपने संबोधन में स्पष्ट कहा कि जनपद में सेक्टरवार चल रहे पीडीए चर्चा अभियान को जनता से जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। ऐलान किया कि जो कार्यकर्ता इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, उन्हें आगामी पंचायत चुनावों में टिकट देकर विजय दिलाने की रणनीति अपनाई जाएगी। वहीं, जो पदाधिकारी पार्टी की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर रहे हैं, उन्हें घर बैठने की तैयारी कर लेनी चाहिए। भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए यादव ने कहा कि जिले में अधिकारी सत्ता के कार्यकर्ता बन चुके हैं, और जिले में भ्रष्टाचार की गंगा बह रही है। जिला अस्पताल अब सिर्फ रेफर सेंटर बनकर रह गया है, जहां इलाज से पहले ही मरीज को बाहर भेज दिया जाता है। उन्होंने सभी समाजवादी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को सीएम बनाने के लिए जमीनी स्तर पर तैयारी शुरू करें। बैठक में सत्यनारायण पटेल, गुलाब खान, अजय यादव, रमा यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

# राजापुर में संपूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

### नौ अधिकारी वेतन कटौती की चपेट में
### 67 मे पांच का मौके पर निस्तारण



**राजापुर/चित्रकूट।** डीएम शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता व एसपी अरुण कुमार की उपस्थिति में राजापुर तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ। इस मौके पर डीएम ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निस्तारण शासन की मंशा और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए गुणवत्तापूर्वक किया जाए। नाली, चकरोड और तालाबों पर अतिक्रमण से जुड़े मामलों में संबंधित अधिकारियों को तत्काल मौके पर जाकर कार्यवाही के निर्देश दिए।

भूमि विवादों पर जिलाधिकारी ने विशेष रूप से राजस्व, चकबंदी व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजकर त्वरित निस्तारण कराने को कहा। कार्यक्रम में लापरवाही और उदासीनता भी उजागर हुई। पूर्व सूचना अथवा स्वीकृत अवकाश के बिना अनुपस्थित पाए गए जल निगम, नलकूप, विद्युत विभाग, समाज कल्याण, पंचायत, कृषि समेत नौ विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 67 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 5 का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जिनमें रामफल, उर्मिला, कल्लू राम और उमाशंकर के मामले शामिल रहे। इस मौके एसडीएम आरआर रमन, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र भदौरिया, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक एसके मिश्रा, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत, पत्नी-बेटी गंभीर रूप से घायल



**मऊ/चित्रकूट।** थाना रैपुरा के ग्राम बरेठी गौशाला के पास सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में ट्रैक्टर पलट जाने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे की सूचना पर क्षेत्राधिकारी मऊ तत्काल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

ज्ञात है कि राजेश कुमार पुत्र सुग्गीलाल निवासी ग्राम बैरिया थाना मऊ, अपनी पत्नी सुनीता, बेटी प्रतिभा और एक पुत्र के साथ ग्राम लोधौरा से अपने गांव बैरिया लौट रहे थे। जैसे ही उनका ट्रैक्टर ग्राम बरेठी गौशाला के करीब 200 मीटर आगे पहुंचा, वह अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक राजेश (उम्र लगभग 30 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी घायलों को रेस्क्यू कर रामनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां इलाज के दौरान राजेश ने दम तोड़ दिया। उसकी पत्नी सुनीता और बेटी प्रतिभा की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल सोनपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अन्य विधिक कार्रवाई जारी है। ग्रामीणों में घटना को लेकर शोक की लहर है।

# चित्रकूट में राष्ट्रीय संगोष्ठी- टिकाऊ कृषि विकास पर होगी देशभर के विशेषज्ञों की मंथन बैठक



**चित्रकूट।** किसानों की आय बड़ाने, जैविक खेती को बड़ावा देने और कृषि क्षेत्र में तकनीकी नवाचार को लेकर एक अहम राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 15 व 16 जून को दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट के लोहिया सभागार में होने जा रहा है। यह संगोष्ठी दीनदयाल शोध संस्थान एवं विंध्याचल कृषक उत्पादक संगठन ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में होगी।

टिकाऊ कृषि विकास को समेकित तकनीकी एवं ग्रामीण कृषक क्रेता-विक्रेता विषय पर आधारित इस संगोष्ठी का उद्देश्य किसानों, खरीदार कंपनियों, शासकीय संस्थाओं और कृषि तकनीकी विशेषज्ञों के बीच सार्थक संवाद स्थापित कर समाधानोन्मुखी रणनीति तैयार करना है।

उद्यमिता विद्यापीठ में आयोजित पूर्व बैठक में डॉ अनिल जायसवाल (उप महाप्रबंधक) ने बताया कि यह संगोष्ठी गुणवत्तापूर्ण बीज, प्राकृतिक और जैविक खेती को बड़ावा देने के साथ किसानों को केंद्रित कृषि सुधार की दिशा में दिशा-सुझाव देगी। संगोष्ठी के कन्वेनर डॉ मनोज त्रिपाठी ने इसे किसान-उद्यमी-सरकारी संस्थाओं के बीच एकल विंडो प्लेटफार्म की संकल्पना बताया, जिससे तकनीकी और बाजार एकीकरण को गति मिलेगी। बैठक में राजेश त्रिपाठी, मनोज सैनी, विनीत श्रीवास्तव, मदन तिवारी, अनिल कुमार सिंह व निखिल मिश्रा भी मौजूद रहे।

### दुर्घटना में मृत्यु या दिव्यांगता पर मिलेगा 2 लाख तक मुआवजा

**चित्रकूट।** भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने ई-श्रम कार्ड धारकों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना चलाई है, जिसमें दुर्घटना के कारण मृत्यु या दिव्यांगता की स्थिति में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को आर्थिक सहायता दी जाएगी। सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता ने बताया कि इस योजना का लाभ उन श्रमिकों को मिलेगा, जिन्होंने 26 अगस्त 2021 से 31 मार्च 2022 तक ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण कराया था और इस अवधि में दुर्घटनावश मृत्यु या दिव्यांगता के शिकार हुए हों। पात्र श्रमिकों को मृत्यु की स्थिति में 2 लाख रूपए तथा आंशिक दिव्यांगता की स्थिति में 1 लाख रूपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। यह लाभ केवल उन्हीं श्रमिकों को मिलेगा जो आयकर दाता नहीं हैं तथा ईपीएफओ या ईएसआईसी के सदस्य नहीं हैं। श्रेणी में धोबी, माली, नाई, रिक्शा चालक, सफाईकर्मी, फेरीवाले, टेंट हाउस मजदूर, खड्डी कर्मकार आदि शामिल हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई है।

## » न्यूज कैप्सूल »

### एंबुलेंस कर्मी के साथ की गई मारपीट के मामले में दुबे पक्षियों के खिलाफ मामला दर्ज

**ललितपुर।** दो दिन पूर्व जिला चिकित्सालय परिसर में संचालित 108 एंबुलेंस के कार्यालय में घुसकर दबंगों द्वारा की गई मारपीट के मामले में पी?ित मेडिकल कर्मचारी अजय दीक्षित पुत्र राममोहन दीक्षित की शिकायत पर सदर कोतवाली पुलिस ने दबंग विपक्षी जय हिंद यादव पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम मसोरा सहित तीन आरोपियों के खिलाफ 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर कार्रवाई की है। बताते चलें कि दो दिन कार्यालय नमस्कार दबंग विपक्षियों ने मेडिकल कर्मचारियों के साथ जमकर कटीले तारों और लाठी डंडों से मारपीट की थी। इस मामले को लेकर पीड़ित 108 एम्बुलेंस कर्मी ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया था।

### पुराने विवाद को लेकर युवक और उसके मित्र के साथ गाली गलौज मारपीट कर धमकी देने का आरोप

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आजादपुर में पुराने विवाद की चलते मोहल्ले में ही रहने वाले दबंगों ने विपक्षी और उसके इंदौर निवासी मित्र को दबोच कर उनके साथ गाली-गलौज पर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। उक्त घटना के संबंध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद सहित एवं दो अज्ञातों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

समीपवर्ती मध्य प्रदेश के इंदौर शहर निवासी अजय यादव पुत्र राजेंद्र यादव ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया की वह शहर के मोहल्ला आजादपुर निवासी अपने मित्र रवि के घर कुछ दिनों के लिए आया था इसी। दौरान पुराने विवाद को लेकर मोहल्ले में रहने वाले दबंग विपक्षी अभिषेक विश्वकर्मा पत्र प्रेम शंकर विश्वकर्मा ने अपने तीन नाम शब्द एवं दो अज्ञात साथियों के साथ दिनांक 7 जून 2025 को रात्रि करीब 10ः30 बजे उसे और उसके मित्र रवि को मोहल्ले में ही दबोच लिया और दोनों के साथ सरेआम गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी विधि सदर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### अपनी भाभी पर लगाया षडयंत्र व धोखाधड़ी करके वोटर आईडी एवं समग्र आईडी कार्ड संख्या बनवाने का आरोप

**ललितपुर।** महरौनी क्षेत्र में रहने वाले एक ग्रामीण की भाभी उसके भाई को छोड़कर पहले मध्य प्रदेश निवासी एक व्यक्ति के साथ रहने लगी और उसके बाद उसे भी छोड़कर जनपद निवासी एक अन्य व्यक्ति के साथ निवास करने लगी। ग्रामीण का आरोप है कि विपक्षी महिला और उसके दोनों पतियों ने धोखाधड़ी करते हुए उसके परिवार के नाम पर एक वोटर आईडी कार्ड और समग्र आईडी संख्या प्राप्त है जो धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है। पीड़ित ने न्यायालय के आदेश पर महिला सहित तीनों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मामला पंजीकृत कराया। कोतवाली महरौनी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भैरा निवासी देवेंद्र पुत्र हरिराम पाल ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया कि उसके भाई दरियाव पाल की शादी गायत्री उ? रीना देवी पाल पुत्री सुखराम निवासी ग्राम उमरी थाना बानपुर के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार संपन्न हुई थी। लेकिन एक पुत्र उत्पन्न होने के बाद उसकी भाभी बिना किसी कारण के ही उसके भाई को छोड़कर मध्य प्रदेश के टीकमग? जनपद निवासी जयराम पाल के साथ रहने लगी थी। जब उसके भाई ने गायत्री के बारे में जानकारी की तब पता चला कि गायत्री द्वारा उक्त पते पर दस्तावेज प्रस्तुत कर षडयंत्र पूर्वक अपना नाम बदलकर सरकारी कर्मचारियों को धोखा देकर गायत्री की जगह रीना देवी पाल के नाम से वोटर आईडी कार्ड एवं समग्र आईडी जारी करवा ली है। विपक्षी के साथ रहकर उसने एक पुत्री को भी जन्म दिया था। इसके बाद गायत्री ने विपक्षी से भी नाता तोड़कर वर्तमान समय में ग्राम सिलगन में एक ग्रामीण के साथ रह रही है। उसने पुलिस से भी इस मामले की शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। विपक्षी महिला पर कार्यवाही होना आवश्यक है। न्यायालय ने मामले को संज्ञान में लेकर ग्रामीण द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रार्थना पत्र पर के आधार पर आरोपी महिला सहित उसके दोनों पतियों के खिलाफ धारा 318(4) में मामला पंजीकृत करने का आदेश सदर कोतवाली पुलिस को दिया।

### आम आदमी पार्टी ने आदिवासियों के भगवान बिरसा मुंडा का मनाया बलिदान दिवस

**ललितपुर।** आम आदमी पार्टी के में सोमबार को आदिवासियों के भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान दिवस मनाया गया है। इस आयोजन में प्रमुख वक्ताओं ने बिरसा मुंडा द्वारा आदिवासियों के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए उन्हें भगवान का दर्जा दिए जाने को सही बताया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वास्तव में बिरसा मुंडा जी आदिवासियों के भगवान थे। इस कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी महासचिव अनूप ताम्रकार संगठन मंत्री रमेश झा अनेकों आदिवासी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन महासचिव अनूप ताम्रकार ने किया।

# छोटी पीड़ार गाँव में पुरानी रंजिश के चलते हुए विवाद में दो पक्षो मे जमकर हुआ खूनी संघर्ष







### लाठी डंडों कुल्हाड़ी से जमकर हुई मारपीट में दोनों ही पक्षों के एक दर्जनों लोग हुये घायल

### घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मडवरा में कराया भर्ती, पांच गंभीर घायलों को जिला चिकित्सालय किया रेफर

**ललितपुर।** जनपद के थाना गिरार क्षेत्र के अंतर्गत छोटी पिडार गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो परिवारों के बीच जमकर विवाद हुआ। इस विवाद के दौरान दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडों कुलहड़ियों से जमकर हमला कर मारपीट की, जिससे गांव में उथल-पुथल की स्थिति रही। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर तो पहुंची, लेकिन दबंगों की हौसले इतने बुलंद थे, कि पुलिस के सामने ही वह मारपीट करते नजर आए। हालांकि पुलिस ने कड़ी मसक्क्त के बाद दबंग के हौसलों को पस्त किया और इस मामले को लेकर दोनों ही पक्षों की शिकायत पर 27 आरोपियों के खिलाफ मामला भी पंजीकृत किया गया। एक पक्ष ने थाना इंचार्ज के कार्यखास पर विपक्षियों को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की पड़ताल कर रही है। यह भी जानकारी सामने आ रही है कि दोनों ही पक्ष अवैध रूप से शराब विक्रय करने का काम करते हैं, जिसको लेकर यह दंगा फसाद उत्पन्न हुआ। हालांकि हम इस बात की पुष्टि नहीं करते। इस मारपीट की घटना में दोनों ही पक्षों के एक दर्जन महिला पुरुष घायल हुए, जिन्हें पुलिस में मड़ावरा सीएससी में भर्ती कराया। जहां से सभी को प्राथमिक उपचार मिला और पांच गंभीर रूप से घायलों को जिला चिकित्सालय भी रेफर किया गया जहां का इलाज चल रहा है। हालांकि पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच खेत में गोबर डालने को लेकर विवाद बताया।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार की देर शाम ग्राम छोटी पिडार में रहने वाले राम सिंह पुत्र रकखु और उमेदी पत्नी धनी के परिबार के बीच चल रही पुरानी रंजिश को लेकर वाद विवाद शुरू हुआ। दोनों ही पक्षों की तरफ से जमकर कहासुनी चलती रही और थोड़ी ही देर बाद यह विवाद गाँव की सड़कों पर आ गया। इस दौरान दोनों ही पक्षों के महिला पुरुष अपने हाथों में लाठी डंडे कुल्हाड़ी आदि लेकर सड़क पर निकल आए और एक दूसरे के साथ गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट भी की। इस दौरान दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे को जान से मारने की धमकियाँ दी। हालांकि इस दौरान गांव के कुछ लोगों ने बीच बचाव करने का प्रयास किया, लेकिन दबंग परिवारों ने किसी की एक न सुनी और करीब 1 घंटे तक पूरे गांव में तांडव करते नजर आए। दोनों ही पक्षों के लोग एक दूसरे पर लाठी डंडे वर्षा रहे थे और गांव की गलियों में दौड़ा-दौड़ा कर पीट रहे थे। गांव में तांडव मचाते हुए दबंग के बारे में ग्रामीणों ने थाना गिरार पुलिस को सूचना दी। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर तो पहुंची, लेकिन दबंगों ने पुलिस को कुछ नहीं समझा और रोक-टोक के बाबजूद दोनों ही पक्ष एक दूसरे पर लाठी डंडे बरसाते रहे। हालांकि कड़ी मसक्क्त के बाद पुलिसकर्मियों ने भाय का माहौल शांत कराया और दोनों ही पक्षों के एक दर्जन से अधिक घायलों को उठाकर तत्काल नजदीकी मड़ावरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां सभी को प्राथमिक उपचार दिया गया। इसके साथ ही पांच गंभीर रूप से घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस नमले में प्रथम पक्ष के रामसिंह पुत्र रक्खूं उम्र 52 वर्ष,इमरत पुत्र हल्ले 28 वर्ष ,देवेन्द्र पुत्र कन्छेदी उम्र 26 वर्ष,कस्सू पुत्र कन्छेदी उम्र 46 वर्ष,बहादुर पुत्र रामसिंह उम्र 25 वर्ष,कमला पत्नी केहर उम्र 30 वर्ष,फूला बाई पत्नी रामसिंह उम्र 50 वर्ष,नत्थू पुत्र नन्दू उम्र 46 वर्ष गणेशी पत्नी तम्बू उम्र 52 वर्ष और द्वितीय पक्ष के जगदीश लोधी पुत्र कल्लू उम्र 25 वर्ष,उमेदी पत्नी धनी उम्र 45 वर्ष,धन सिंह पुत्र कल्लू उम्र 30 वर्ष,सुरेन्द्र पुत्र धनसिंह उम्र 16 वर्ष,देवेन्द्र पुत्र छुन्नू उम्र 28 वर्ष,महेन्द्र पुत्र छुन्नू उम्र 20 वर्ष,राघवेंद्र सिंह लोधी पुत्र छुन्नू उम्र 22 वर्ष निवासी घायल हुए जिन का इलाज चिकित्सालय में कराया गया। इस मामले को लेकर प्रथम पक्ष के रूप में श्रीमती गणेशी लोधी पत्नी तममु की शिकायत पर विपक्षी राघवेंद्र पुत्र चुन्नू लोधी सहित 13 नामजदों के खिलाफ एक राय होकर गाली गलौज मारपीट कर जान से मार के की धमकी देने एवं मोटरसाइकिल की तोड़फोड़ करने के आरोप में 191(2), 115(2), 352, 351(3) 324(4) तथा दूसरे पक्ष श्रीमती कम्मोदी लोधी पत्नी धनीराम की शिकायत पर विपक्षी देवेंद्र पुत्र कंछेदी लोधी सहित 14 आरोपियों के खिलाफ 191(2), 115(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत किया गया।

#### गांव में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म

सूत्रों से मिली जानकारी की माने तो गांव में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। कुछ लोगों का कहना है कि दोनों ही परिवारों को लेकर पुरानी रंजिश चल रही थी, जिसको लेकर यह विवाद हुआ। तो कुछ लोगों का कहना है कि दोनों ही परिवार गांव में अवैध रूप से शराब बेचने का काम करते हैं, जिसको लेकर दोनों ही परिवारों के बीच आए दिन विवाद होता रहता है और यह विवाद उसी का नतीजा है। हालांकि हम ग्रामीणों की किसी भी बात की पुष्टि नहीं करते। यह पुलिस की जांच का विषय है, इसीलिए इस बारे में कुछ भी कहना उचित नहीं।

#### इनका कहना है

इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह का कहना है कि छोटी पीडार गाँव में खेतों में गोबर डालने को लेकर महिलाओं के बीच विवाद उत्पन्न हुआ था। जिसके चलते दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को समुचित चिकित्सीय सुविधा मुहैया कराई। इस मामले में दोनों ही पक्षों की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीकृत कर लिया गया है।

## मेघालय के शिलांग में राजा रघुवंशी के हाई प्रोफाइल हत्याकांड कांड के तार जनपद से भी जुड़े

### एक मुख्य आरोपी आकाश राजपूत की उसके ही पत्र गांव से हुई गिरफ्तारी, शेष तीन एमपी से दबोचे

### सभी लोग वर्षो से एमपी के इंदौर शहर में करते थे काम





**ललितपुर।** देश की हाई प्रोफाइल मर्डर मिस्ट्री राजा रघुवंशी का केस पर्त दर पर्त सुलझता जा रहा है, जिसके तार जनपद ललितपुर के ग्रामीण इलाके से भी जुड़े हुए हैं। शिलाग पुलिस ने अपनी कार्यवाही के दौरान प्रकाश में आए एक आरोपी आकाश राजपूत पुत्र रागवेन्द्र राजपूत को जनपद की कोतवाली महरौनी अंतर्गत उसके ही पैतृक ग्राम चौकी से उसके ही घर से रविवार की रात्रि में गिरफ्तार किया और लेकर यहां से रवाना हो गई। बताया गया है कि आरोपी हत्याकांड को अंजाम देने के बाद कुछ दिनों पूर्व अपने पैतृक गांव आया था और यही रह रहा था। इसके साथ ही तीन आरोपियों की गिरफ्तारी एमपी के सागर से एवं इंदौर से की गई है। बताया गया है कि आरोपी के माता-पिता महरौनी के स्थानीय कस्बे मजदूरी का काम करते हैं।

जनपद की कोतवाली महरौनी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चौकी में रविवार की देर रात्रि उस समय उथल पुथल की स्थिति देखी गई जब महरौनी पुलिस के साथ-साथ शिलांग पुलिस गांव में पहुंची और एक घर को घेर लिया। हालांकि रात्रि होने के कारण कुछ ग्रामीणों को इस बात की भनक नहीं लगी। लेकिन आरोपी आरोपी आकाश राजपूत के घर के आसपास के लोगों को इस बात की भनक लगी और वहां पर मोहल्ले में उथल-पुथल की स्थिति उत्पन्न हो गई। क्योंकि समूचे जनपद में किसी को यह भनक भी नहीं थी कि देश के हाई प्रोफाइल राजा रघुवंशी मर्डर मिस्ट्री के आरोपियों के तार इस जनपद से भी जुड़े हो सकते हैं। बताया गया है कि सिलांग पुलिस ने पहले जनपद पुलिस से संपर्क किया और फिर स्थानीय पुलिस को लेकर चौकी गाँव में आकाश राजपूत के घर पर धाबा बोलकर उसे मौके से गिरफ्तार कर अपने साथ पूछताछ के लिए लेकर चली गई। बताया गया है कि इस मामले में पुलिस ने आकाश राजपूत का परिवार करीब 25/30 सालों से इंदौर में रहकर ट्रांसपोर्ट कंपनी और प्लाईवुड कंपनी में मजदूरी का काम करते थे और यहां पर उसके दादा-दादी के अलावा और कोई नहीं रहता था।

इस मामले में अब आरोपी की बूढी दादी से बातचीत की गई, तो उसने इस मामले में अभिज्ञता जताते हुए अपने नाती को निर्दोष बताया। हालांकि पुलिस पूरे मामले की हड़ताल कर रही है और परत-दर - परत इस मर्डर मिस्ट्री के राज खुलते जा रहे हैं और आरोपियों की गिरफ्तारी भी हो रही है।

## एक राय होकर जाति सूचक शब्दों से गाली गलौज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

#### दबंग विपक्षियों की मारपीट में ग्रामीण के पुत्र का पैर हुआ फैक्चर

#### पीड़ित के पिता की शिकायत पर गांव के ही कर विपक्षियों के खिलाफ मामला दर्ज

**ललितपुर।** थाना बानपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पाह में पुराने विवाद को लेकर दबंगों ने विपक्षी को गांव में दबोच कर उसके साथ सरेआम जाति सूचक शब्दों से गाली गलौज कर मारपीट की तथा धमकी दी। दबंग की मारपीट में ग्रामीण जख्मी हुआ। पिता की शिकायत पर चार बिपक्षियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है

ग्राम पाह निवासी धनुआ पुत्र हिरउ ने थाना बानपुर पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि उसकी पुरानी रंजिश गांव में ही रहने वाले दबँग विपक्षी सैदपाल और उसकी परिवार से चली आ रही है। इसी पुरानी रेंजर्स के चलते दिनांक 6 जून 2025 को दोपहर करीब 1ः00 बजे दबंग विपक्षी सौरभ राजा पुत्र सेंदपाल ने अपने तीन अन्य साथियों के बल पर उसके पुत्र आसाराम को दबोच कर जाति सूचक शब्दों से जमकर गाली गलौज की। इतना ही नहीं जब उसके पुत्र ने बिपक्षियों की इस हरकत पर विरोध जताया, तो उसके साथ सरेआम लाठी डंडों से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। दबंग बिपक्षियों की मारपीट में उसके पुत्र का पैर टूट गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। थाना बानपुर पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित के पिता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर सभी चारों आरोपियों के खिलाफ 115(2), 352, 351(3)117 तथा 3(1)द ध, 3(2)5क एससी एसटी एक्ट में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा कोई भी बच्चा, हर बाधा को दूर कर विद्यालय में प्रवेश दिलाएंगे: डीएम

#### विद्यालय में नामांकन से छुटे बच्चों से बात करने उनके गांव पहुंचे डीएम

#### बच्चों में शिक्षा के प्रति जगाई रुचि, बाधाओं को दूर करने का अभिभावकों को दिलाया भरोसा

#### फर्स्ट फेज में विगत 3 वर्षो में पढ़ाई छोड़ने वाली बच्चियों का होगा चिन्हांकन

**ललितपुर।** जनपद में कक्षा 8 उत्तीर्ण प्रत्येक बच्चे को कक्षा 9 में प्रवेश दिलाने के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अनोखी पहल शुरू की है, जिसके अंतर्गत प्रवेश से वंचित हर बच्चे को चिन्हित कर बाधाओं को दूर करते हुए विद्यालयों में नामांकन करवाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिलाधिकारी ने जनपद स्तर, ब्लॉक स्तर व ग्राम पंचायत स्तर पर अधिकारियों/कर्मचारियों की टीमें तैनात की हैं, जो कक्षा 9 में प्रवेश न लेने वाले बच्चों का चिन्हांकन कर रहे हैं और प्रवेश न लेने के कारण का पता लगाते हुए उस कारण का निस्तारण करा रहे हैं, तत्पश्चात हर छूटे हुए बच्चे को विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जाएगा। इसी उद्देश्य के साथ रविवार को जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने विकासखंड तालबेहट के ग्राम तरई फाटक के उच्च प्राथमिक विद्यालय में ग्रामीण बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ वार्ता की।

इस दौरान उन्होंने गांव के बच्चों को अपने पास बुलाकर उनसे प्रवेश न लेने का कारण जाना, उनकी काउंसलिंग की और शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने बच्चों के अभिभावकों से भी बात की और उनकी पारिवारिक स्थिति को जाना। बच्चों और अभिभावकों द्वारा कई आर्थिक और सामाजिक व अन्य कारण बताए गए, जिन्हें जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से सूचीबद्ध करवाते हुए उनका निस्तारण कराकर बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि जनपद में चल रहे सर्वे में सबसे पहले वे गांव चिन्हित किए जाएं जिनमें पहले से राजकीय हाई स्कूल हैं, जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए गए कि पिछले 3 साल में 9वीं कक्षा की वे छात्राएं जिन्होंने किसी विषय में फैल होने के कारण पढ़ाई छोड़ दी है, उनकी विद्यालयवार सूची उपलब्ध कराए, इसके साथ ही जिला विकास अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक की निगरानी में कल से ही जिला स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय और ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर विगत 3 साल से पढ़ाई छोड़ने वाली बालिकाओं का चिन्हांकन कर प्रवेश दिलाए जाए। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा बताया गया कि ग्राम में उच्च प्राथमिक विद्यालय, केके वर्ल्ड जूनियर हाई स्कूल और वीणा वादनी इंटर कॉलेज हैं जिनमें कुल 127 बच्चों के सापेक्ष मात्र 34 बच्चों ने एडमिशन लिया है, जिनसे संपर्क करने पर उनके अभिभावकों द्वारा जुलाई में एडमिशन लेने की बात कही गई। इसके अलावा मौके पर विगत 3 वर्षों में एडमिशन न लेने वाली 10 बच्चियों की सूची उपलब्ध कराई गई, जिनमें सोनम, चमेली, कंचन, चांदनी, दीपा, नीतू, लक्ष्मी उपस्थित रहीं, जिनसे जिलाधिकारी ने वार्ता की।

## षड्यंत्र पूर्वक धोखाधड़ी करते हुए भूमि के विक्रय करने का विरोध करने पर गाली गलौज मारपीट कर धमकी देने का आरोप

#### पीड़ित ने न्यायालय के आदेश से आधा दर्जन विपक्षियों के खिलाफ कराया मामला दर्ज

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मड़वारी में रहने वाले एक ग्रामीण में अपने ही गांव के पांच और एक अन्य गांव के विपक्षी पर षडयंत्र पूर्वक उसकी जमीन को कूटरचित दस्तावेजों के बल पर रजिस्टर्ड बैनामा कराने का आरोप लगाया। इसके साथ ही पंचायत में गाली गलौज मारपीट कर धमकी देने का भी आरोप लगाया। उक्त घटना के संबंध में न्यायालय के आदेश पर सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और षड्यंत्र की धाराओं में मामला दर्ज कराया।

ग्राम मडवारी निवासी गुलाब पुत्र सुक्खा ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया कि थाना जखौरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गुरसौरा निवासी कोमल पुत्र धनुआ एक आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जिसने उसकी ही गांव के विपक्षी राम प्रसाद पुत्र भरोसे, सौरभ सिंह पुत्र जगभान सिंह, रणधीर सिंह पुत्र दीप सिंह यादव, तेजराम पुत्र रामप्रसाद, पंकज पुत्र राम प्रसाद आदि के साथ मिलकर उसकी पुस्तैनी भूमि को षडयंत्र पूर्वक बेचने का एक षड्यंत्र रचा। उक्त सभी षड्यंत्रकरियों ने गाँव में स्थित उसकी पुश्तैनी जमीन को कूट रचित दस्तावेज बनवाकर एक साजिश के तहत रजिस्ट्री बनाना दिनांक 29 सितंबर 2023 को कर दिया, जिस पर गुरसौरा की विपक्षी कोमल का नाम अंकित है। उसने जब अपनी जमीन का मुआयना कराया, तब उसे जानकारी हुई कि उसकी जमीन बिक चुकी है। इसके बाद उसने दिनांक 30 जनवरी 2024 को शाम करीब 4ः00 अपने ही गांव में विपक्षियों के खिलाफ एक पंचायत जोड़ी, जिसमें सभी विपक्षी गण आए। जब उसने कुत्रचित बैनामा निरस्त करने की मांग की, तब विपक्षी आक्रोशित हो गये और लड़ाई झगड़ा करने लगे। इस दौरान तमाम सभी विपक्षियों से पंचायत में ही दबोच लिया और सरेआम गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे और जान से मारने की धमकी भी दी। न्यायालय ने मामले क्रेश्चन ज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर सभी आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ 420 120बी 323 504 506 धाराओं में मामला पंजीकृत करने का आदेश सदर कोतवाली पुलिस को दिया। सदर कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मामले को सुसंगत धाराओं में पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

# नगर निगम: कार्यकारिणी चुनाव में भाजपा के पांच व विपक्ष का एक सदस्य जीता

## 7 वर्षों बाद टूटा निर्विरोध चुनाव का रिकॉर्ड विपक्षी दलों ने दिखाई अपनी ताकत



**झांसी।** नगर निगम के महारानी लक्ष्मीबाई सदन हॉल में कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव अधिकारियों के बीच संपन्न कराया गया 6 कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव परिणाम आने के बाद उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के पांच कार्यकारिणी सदस्य वहीं विपक्ष का एक सदस्य विजय घोषित हुआ कार्यकारिणी के 6 सदस्यों के लिए सात सभासदों ने नामांकन किया था जिसमें 6 सदस्य विजय घोषित होने के बाद एक सभासद को मात्र 6 वोट मिले नगर निगम में कार्यकारिणी चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी और विपक्ष में घमासान चल रहा था जिसमें भारतीय जनता पार्टी सात वर्षों से कार्यकारिणी और उपसभापति का चुनाव जीतती आ रही है लेकिन इस बार विपक्ष ने बाजी पलट दी एवं 7 वर्षों के बाद नगर निगम में चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हुई भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों की संख्या लगभग 52 के करीब है 15 के करीब है कुल 57 के करीब वोटर है, जिसमें से सात पदेन सदस्य है। नगर निगम के कार्यकारिणी चुनाव की प्रक्रिया सुबह 11 से प्रारंभ हुई और शाम 5 बजे संपन्न हुई,इस प्रक्रिया में नामांकन की प्रक्रिया शुरू होते ही सर्वप्रथम बोट पूर्व उपसभापति प्रियंका साहू ने डाला इस तरह प्रक्रिया चलती रही और राहुल कुशवाहा सभासद के द्वारा वोट डालते समय गलती हो जाने पर उक्त बोट को निरस्त कर दिया गया कुल 65 वोट डाले गए जिसमें एक वोट निरस्त हुआ 64 वोटो मे विकास खत्री 10 वोट लखन कुशवाहा 9 वोट रश्मि अहिरवार 10 बोट भारत सने 9 वोट बाल स्वरूप साहू 10 वोट 10 वोट उमेश जोशी 6 वोट को मिले जिसमें पदेन सदस्यों ने भी वोट डाले पदेन सदस्य सांसद अनुराग शर्मा महापौर बिहारी लाल आर्य एमएलसी रमा निरंजन डॉक्टर बाबूलाल तिवारी ने वोट डाले नगर निगम में कार्यकारिणी का पूर्ण रूप से गठन हो गया है जिसमें अध्यक्ष सहित 12 कार्यकारिणी सदस्य कार्यकारिणी की संपूर्ण बैठक को और इसके लिए चुनाव संपूर्ण होने के बाद उपसभापति का चुनाव भी कार्यकारिणी गठन होने के बाद इसी कार्यकारिणी में से एक सदस्य को उपसभापति बनाया जाएगा और इस प्रक्रिया को भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकारिणी सदस्यों में तय करके एक उपसभापति चुनाव के लिए मैदान में उतरेगी लेकिन देखा जा रहा है कि 2017 से 2024 25 तक भारतीय जनता पार्टी का कार्यकारिणी सदस्य उपसभापति बनाये गये जिसमें सर्वप्रथम बंटी राजा ,राजेश त्रिपाठी, सुनील नेनवानी, भरत सेन, सुशील दुबे, प्रियंका साहू अभी तक उपसभापति बन चुके हैं लेकिन अब देखना है कि उपसभापति की श्रृंखला में सामान्य वर्ग पिछ?ा वर्ग का उपसभापति बन चुका है अब भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्ति को उपसभापति पद पर क्या ला सकती है। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हेमंत परिहार, विधायक प्रतिनिधि गोकुल दुबे सदन नेता बंटी राजा व भारतीय जनता पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे एवं सभासद सुलेमान मंसूरी पूर्व सभासद अजय श्रीवास्तव आप पार्टी सभासद आशीष रैकवार पूर्व पार्षद दिनेश प्रताप सिंह दीपू सहित अन्य नेता गण मौजूद रहे। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी एवं सदन प्रभारी डॉ राघवेंद्र सिंह निरंजन ने चुनावी प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराकर कार्यकारिणी चुनाव में जीते प्रत्याशियों को फूल माला पहनकर उनका स्वागत किया।

# जनपद के युवा बने कृषि उद्यमी




**झांसी।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान हंसारी मे 13 दिवसीय कृषि उद्यमी कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम संस्थान की निदेशक कु0 दिव्या जायसवाल की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के समापन अवसर पर निदेशक महोदया ने सभी प्रशिक्षुओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे सीएम युवा उद्यमी, मुद्रा योजना आदि के बारे मे विस्तार से जानकारी दी और उन्हे स्वरोजगार की दिशा मे मार्गदर्शन प्रदान करते हुए आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में संस्थान के संकाय सदस्य अनुराग दुबे, अभिषेक वर्मा, ऑफिस असिस्टेंट अर्पिता उत्पल पराड़कर, अटेंडर प्रदीप अडजरिया उपस्थित रहे।

## भेड़पालन से बड़ाएं आयः बुंदेलखंड में है अपार संभावनाएं

**झाँसी।** रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी के निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. सुशील कुमार सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र की भौगोलिक बनावट जंगलों और पहाड़ियों से घिरा होना भेड़ पालन के लिए अत्यंत उपयुक्त है। यहां के जंगलों में भेड़ें आसानी से चर सकती हैं, जिससे चारे की व्यवस्था सरल हो जाती है। डॉ. सिंह ने बताया कि भेड़ें अर्द्धशुष्क और शुष्क जलवायु में भी आसानी से पाली जा सकती हैं। उन्होंने केन्द्रीय भेड़ अनुसंधान संस्थान, अविका नगर राजस्थान द्वारा विकसित अभिसान नस्ल की विशेषता बताते हुए कहा कि यह नस्ल एक बार में तीन मेमनों को जन्म देने की क्षमता रखती है, जो कि इसे एक उत्कृष्ट प्रजाति बनाती है।

# पैमाइश के बाद पत्थर गड्डी उखाड़ने वालों पर होगी एफआईआर दर्जः जिलाधिकारी



## तहसील गरौठा में संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शिकायतों को सुना

**झांसी।** तहसील गरौठा सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री मृदुल चौधरी ने चकरोड सरकारी भूमि एवं निजी भूमि पर कब्जा करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पैमाइश के बाद पत्थर गड्डी को उखाड़ कर पुन: कब्ड़ा किया जाता है तो होगी एफआईआर दर्ज। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने तहसील गरौठा में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर भूमि सम्बन्धित अवैध कब्जों की शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त की । उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस गरौठा तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर का अवलोकन किया और निस्तारित की गई शिकायतों की कॉस् चेकिंग की। संपूर्ण समाधान दिवस पर नाथू राम पुत्र दमरू निवासी ग्राम खरका ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि प्रार्थी की मौजा खरका तहसील गरौठा में भूमि नं0 253 कृषि भूमि है। उक्त भूमि पर जाने हेतु सेक्टर नं0 216 है मौजा खरका है जिससे होकर प्रार्थी अपने खेत में जाता है परन्तु ग्राम के दबंग व्यक्तियों द्वारा सेक्टर पर अवैध कब्जा कर पूरा जोत वखर लिया तथा कुछ जमीन भूमि नं0 253 पर कब्जा करके जोत ली है। इसके सम्वन्ध में कई वार प्रार्थना पत्र दिया जिससे सेक्टर की पैमाईश की गयी लेकिन अभी तक सेक्टर को कब्जा मुक्त नहीं किया गया है। संपूर्ण समाधान दिवस पर प्रार्थी सेवाराम उर्फ सन्तराम तनय पंचम निवासी ग्राम बंगरा तहसील गरौठा है,प्रार्थी ने आराजी संख्या 695/0.454 हे0,, 702/0.809 हे0 स्थितमौजा बंगरा तहसील गरौठा जिला-झांसी की हदबन्दी के बाद पत्थर गड्डी करा ली थी लेकिन उक्त पत्त्थर गड्डी होने के बाद भी उक्त भूमि मे एकजरीव रकवा दबाते हुये सतेन्द्र तनय वानसिंह, लोकेन्द्र तनय वानसिंह निवासी बंगरा ने रातो रात वन्धी डाल ली है, प्रार्थी ने जब सुबह देखा तो मेरे खेत में एक जरीव रकवा दवाते हुये वन्धी डाल दी है, जिससे प्रार्थी का काफी रकवा दबा लिया है प्रार्थी ने जव उन्हे इस सम्वन्ध मे बात की तो कहने लगे कि अगर इस खेत के सम्वन्ध में बात की तो जान से मार देगे। जिलाधिकारी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस गरौठा को 5 दिवस में स्थलीय निरीक्षण करते हुए आख्या प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ती, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुधाकर पांडेय, एसडीएम मनोज कुमार सहित समस्त विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी अधिकारी उपस्थित रहे।

# बुंदेलखंड राज्य की मांग को लेकर मोर्चा सांसदों, विधायकों का पुतला फुकेगें



**झाँसी।** बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा अध्यक्ष भानु सहाय के नेतत्व में बुंदेलखंड राज्य निर्माण का संघर्ष बहुत लम्बे समय से किया जा रहा है। सन 2014 के चुनाव में नरेन्द्र मोदी, राजनाथ सिंह एवं सुश्री उमाभारती ने बुन्देलियो को बचन दिया था हमारी सरकार बनने पर तीन साल के भीतर बुन्देलखण्ड राज्य बना दिया जायेगा,तीन साल के वचन की जगह ग्यारह साल हो गये परन्तु अभी तक कार्यावाही भी प्रारंभ नहीं किए जाने से बुन्देलखण्ड की जनता मैं काफी रोष उत्पन्न हो गया है जो गंभीर रूप लेता जा रहा है। एक तरफ कहा जाता है कि सरकार छोटे राज्यों की पक्षधर है परंतु सत्तादल के सांसद, विधायक एवं पदाधिकारी राज्य निर्माण के प्रति आबाज नहीं उठा रहे हैं जिससे जनता मैं इनके खिलाफ भी माहौल बनता जा रहा है जो कि सरकार के लिए घातक है। अब समय आ गया है कि केंद्र सरकार बुन्देलखण्ड राज्य बनाए जाने की कार्रवाई प्रारंभ करें व सत्तादल के नेताओ से बुन्देलखण्ड के पक्ष मैं कार्य करने का निर्देश दिया जाये। यदि सत्तादल के सांसद, विधायक, एवं पदाधिकारी बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण के समर्थन में कार्य प्रारंभ करें अन्यथा बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा जनता के साथ इनका विरोध करने के लिए बाध्य हो जायेगा।

ज्ञापन में मोर्चा अध्यक्ष ने बताया की सत्ताधारी अधिकांश सांसद, विधायक चूंकि बुंदेलखंड के साथ खड़े नहीं हो रहे है इसलिय मोर्चा ने यह निर्णय लिया है कि अगले हप्ते उत्तर प्रदेश के विधायकों, पंद्रह दिन उपरांत मध्य प्रदेश के विधायकों, लोकसभा सत्र प्रारम्भ होने से पहले अखंड बुंदेलखंड के समस्त सांसदों एवं लोकसभा सत्र के मध्य में प्रधानमंत्री, गृहमंत्री व राजनाथ सिंह का पुतला इस आशय से फुके जायँगे कि जो बुंदेलखंड का नहीं वो किसी काम काम का नहीं है। ज्ञापन देने वालों में रघुराज शर्मा गिरजा शंकर राय, कुंवर बहादुर आदिम, हनीफ खान, अनिल कश्यप, रजनीश श्रीवास्तव, उत्कर्ष साहू ,कुंती राय,राधा वर्मा,प्रभु दयाल कुशवाहा,आदि उपस्थित रहे।

## स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी बिरसा मुंडा को याद किया

**झांसी।** कांग्रेस कार्यालय मानिक चौक में जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग की बैठक जिलाध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा शीलू की अध्यक्षता में हुई। जिसमें केंद्र व मध्य प्रदेश सरकार से रानी लक्ष्मीबाई की तलवार ग्वालियर म्यूजियम से झांसी लाये जाने की मांग करते हुये कहा कि झांसी को उसकी रानी की तलवार सौपी जानी चाहिये थी। लेकिन सरकारों की उदासीनता के चलते झांसी वासियों की यह मांग अभी तक अधूरी है। इस अवसर पर आदिवासी आंदोलन के जनक और ब्रिटिश हुकुमत के खिलाफ संघर्ष करते हुये अपने प्राणों की आहुति देने वाले लोकनायक बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया।

# ज्येष्ठ मूल्यांकन अधिकारी ने किया एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना का निरीक्षण

## उद्यान विभाग के तहत कृषकों को उत्तम गुणवत्ता के बीज मुहैया कराए अधिकारी



**झांसी।** शासन के निर्देशानुसार डॉ संतराम, ज्येष्ठ मूल्यांकन अधिकारी, मूल्यांकन प्रभाग द्वारा वर्ष 2023-24 में संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के मूल्यांकन के तहत संपादित कार्यों की प्रगति, उपयोगिता तथा प्रभाव के संबंध में स्थलीय निरी क्षण एवं लाभार्थियों से साक्षात्कार किया गया। निरीक्षण के क्रम में ज्येष्ठ मूल्यांकन अधिकारी डॉ संतराम द्वारा विकासखंड बड़ागांव एवं विकासखंड बबीना के गांवों में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के मूल्यांकन हेतु विकासखंड बड़ागांव के ग्राम लह्ले की टौरिया, तेंदौल एवं सनौरा तथा विकासखंड बबीना के ग्राम बंडा, बैदौरा, चमरौआ एवं सफा में योजनाओ की स्थिति का जायजा लिया गया। मौके पर उन्होंने उपस्थित कृषकों से संवाद कर उद्यान विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान की। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उद्यान विभाग के अंतर्गत कृषकों को उत्तम गुणवत्ता के बीज मुहैया कराए, जिससे कृषकों की आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने जनपद के कृषकों से अपील करते हुए कहा कि बुंदेलखंड में पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुए जनपद के किसान भाई जलवायु के अनुरूप ही अपने खेतों में फसलों की बुवाई का चयन करें, जिससे किसान भाइयों को परिवर्तित मौसम की प्रतिकूलता का सामना न करना पड़े। निरीक्षण में जिला उद्यान अधिकारी अधीक्षक राजकीय उद्यान डॉ प्रशांत सिंह ने बताया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत जनपद में कृषकों को सब्जियों एवं फूलों के हाईब्रिड बीज वितरित किए गए हैं। इसके साथ ही जनपद में पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत पैक हाउस, प्याज हाउस एवं लो कॉस्ट प्रिजर्वेशन यूनिट की स्थापना भी की गई है। निरीक्षण के दौरान उद्यान विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ स्थानीय कर्मचारी एवं जनपद के कृषक उपस्थित रहे।

# डांस चौंपियनशिप ,ग्लैमरस फेस ऑफ इंडिया फैशन शो का फाइनल हुआ सम्पन्न




**झाँसी।** रेवोल्यूशन डांस एकेडमी एवं ब्राइडल्स ड्रीम सैलून व रावतपुरा सरकार के संयुक्त तत्वावधान में ग्रीष्म कालीन शिविर 24 मई से 2 जून तक नि:शुल्क आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया। इसी क्रम में बुंदेलखंड डांस चौंपियनशिप एवं ग्लैमरस फेस ऑफ इंडिया ड़ेशन शो का फाइनल मुक्ता काशी मंच पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीआईजी की धर्मपत्नि प्राची, विशेष अतिथि के रूप में संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ. संदीप सरावगी व अंय अतिथि के रूप में संजय पटवारी, शांतनु अग्रवाल, रामकिशन निरंजन, सीताराम कुशवाहा व निर्णायक के रूप में अदिती भटनागर मिस प्लैनेट इंडिया व विपिन मौजूद रहे। कार्यक्रम में सभी बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को देखते हुए ग्लैमरस फेस ऑफ इंडिया ड़ेशन शो के सीनियर कैटेगरी विजेता प्रथम प्रणव, द्वितीय ऋषभ व तृतीय यश के साथ फीमेल कटैगरी में प्रथम वैष्णवी, द्वितीय रोली व तृतीय राधिका रहे। जूनियर कैटेगरी में प्रथम शगुन, द्वितीय मान्य व तृतीय रुचि व बॉयज में जूनियर में प्रत्यूष प्रथम, द्वितीय सूर्यांश व तृतीय वीर रहे। बुंदेलखंड डांस चौंपियनशिप के विजेता सीनियर कैटेगरी में प्रथम सार्थक, द्वितीय भास्कर व तृतीय संस्कृति व जूनियर कैटेगरी में प्रथम सिद्धि, द्वितीय काव्या व तृतीय अन्वेशा रहे। प्रथम अनिका द्वितीय विहान तृतीय अनिका बने। कार्यक्रम में ग्रूमिंग पार्टनर के रूप में ब्राइडल्स ड्रीम सैलून से विपिन, वैष्णवी उपस्थित रहे। इस अवसर पर इवेंट मैनेजमेंट अभिषेक कुशवाहा, मॉडलिंग कोरियोग्राफर सद्दाम अली हाशमी व आकाश सेन, नृत्य कोरियोग्राफर राहुल माहोर, नृत्य प्रशिक्षक अनिकेत, तनिश, मुस्कान आदि कभी विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में संघर्ष सेवा समिति से सुशांत गेडा, संदीप नामदेव, आशीष विश्वकर्मा, राकेश अहिरवार, अरुण पांचाल, बसंत गुप्ता, राहुल रायकवार आदि उपस्थित रहे।

स्वामी निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.,मुद्रक, प्रकाशक, श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल-462023, म.प्र. से मुद्रित एवं कैमासनपुरम, करगुंजी, मेडिकल कॉलज के पास, कानपुर रोड, झांसी से प्रकाशित।
संपादकः बालेन्द्र गुप्ता पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र झांसी रहेगा।) फोनः 9936277530, 9450071944, ई-मेलः balendragupta271@gmail.com आर.एन.आई.नं. UPHIN 2012/47946